Helpline 1064 94135-02834

# कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

## ➢ जयपुर के एसएमएस मेडिकल कॉलेज के न्यूरो सर्जरी विभाग के एचओडी डॉ. मनीष अग्रवाल 1 लाख रूपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार।

जयपुर, दिनांक 09 अक्टूबर, गुरूवार। ए.सी.बी मुख्यालय के निर्देश पर भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, जयपुर की एस. आई. यू इकाई की टीम द्वारा आज एक महत्वपूर्ण कार्रवाई करते हुए **डॉ. मनीष अग्रवाल, एच.ओ.डी. न्यूरो सर्जरी विभाग एवं अतिरिक्त प्रिंसिपल, एस.एम.एस. मेडिकल कॉलेज, जयपुर** को 1,00,000/-रूपये **(एक लाख रुपये)** रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की **अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस श्रीमती स्मिता श्रीवास्तव** ने बताया की एसीबी को एक शिकायत इस आशय की मिली थी की परिवादी न्यूरो सर्जरी में काम आने वाले ब्रेन कॉइल की सप्लाई करता है। संबंधित कार्य हेतु प्रस्तुत बिलों पर काउंटर सिग्नेचर करने के एवज में डॉ. मनीष अग्रवाल द्वारा रिश्वत की माँग कर परेशान किया जा रहा हैं ।

जिस पर एसीबी रेंज जयपुर के **उप महानिरीक्षक पुलिस श्री अनिल कयाल** के सुपरविजन में ए.सी.बी की एस. आई. यू. जयपुर इकाई द्वारा शिकायत के सत्यापन करने के उपरांत ब्यूरो की टीम ने आज ट्रैप कार्रवाई आयोजित की, जिसमें डॉ. मनीष अग्रवाल को परिवादी से **एक लाख रूपये** की रिश्वत राशि प्राप्त करते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया।

आरोपी से पूछताछ तथा कार्रवाई जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अंतर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जाएगा।